हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

21 मार्च, 1997

खण्ड 1, अंक 13

अधिकृत विवरण

विशय सूची

भाुक्रवार, 21 मार्च, 1997

पृश्ठ संख्या

तारांकित प्र न एवं उत्तर	(13)1
नियम45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्र नों के लिखित उत्तर	(13)14
विभिन्न विशयों का उठाया जाना/सदन की कार्यवाही में सुधार के लिए सुझाव देना	(13)22
वाक आउट	(13)29
विभिन्न विशयों का उठाया जाना/सदन की कार्यवाही में सुधार के लिए सुझाव देना (पुनरारम्भ)	(13)29
नियम 15 के अधीन प्रस्ताव	(13)30
नियम 16 के अधीन प्रस्ताव	(13)31
सदन की मेज पर रखे गए कागज पत्र	(13)31
समितियों की रिपोर्टस पे ा करना– (i) पब्लिक अकाउंटस कमेटी की 44वीं रिपोर्ट	(13)32

(ii) पब्लिक अंडरटेकिंग्ज कमेटी की 42वीं रिपोर्ट	(13)32
(iii) वैलफेयर ऑफ ि ाडयूल्ड कास्टस एण्ड ि ाडयूल्ड ट्राइल्ज कमेटी की 22वीं रिपोर्ट	(13)32
(iv) एस्टीमेटस कमेटी की 29वीं रिपोर्ट	(13)32
(v) गवर्नमैंट ए योरैंसिज कमेटी की 28वीं रिपोर्ट	(13)32
बिल– (i) दि महार्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी (अमैंडमैंट) बिल, 1988 (पुनर्विचार के लिए राज्यपाल से वापस यथाप्राप्त)	(13)33
(ii) दि कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी (अमैंडमैंट) बिल, 1988 (पुनर्विचार के लिए राज्यपाल से वापस यथाप्राप्त)	(13)36
(iii) दि हरियाणा म्यूनिसिपल कापोरे ान (अमैंडमैंट) बिल, 1997	(13)39
(iv) दि हरियाणा म्यूनिसिपल (अमैंडमैंट) बिल, 1997	(13)40
(v) दि हरियाणा लैजिसलेटिव असैम्बली (अलाउंसिज एण्ड पैन ान आफ मैम्बर्ज) अमैंडमैंट बिल, 1997	(13)43
ि ाक्षा मन्त्री द्वारा धन्यवाद।	(13)45

हरियाणा विधान सभा

भुक्रवार, 21 मार्च, 1997

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर–1, चण्डीगढ़ में प्रातः 9.30 बजे हुई। अध्यक्ष (प्रो0 छत्तर सिंह) ने अध्यक्षता की।

तारांकित प्र न एवं उत्तर

श्री अध्यक्षः साहेबान, अब सवाल होंगे।

तारांकित प्र न एवं उत्तर

Setting up of a Petrol Pump at Julana

***242. Shri Sat Narain Lather:** Will the Minister of State for Tourism be pleased tostate whether there is any proposal under consideration of the Government to open a petrol pump by the Haryana Tourism Corporation at Julana, District Jind?

पर्यटन राज्य मन्त्री (श्री अतर सिंह सैनी): जी, नहीं।

श्री सतनारायण लाठरः अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी से तो मुझे कतई उम्मीद नहीं थी कि ये आज भी मेरे सवाल का जवाब ''ना'' में देंगे। मैं मंत्री महोदय की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि हमारे जुलाना कस्बे से 70 किलोमीटर की दूरी पर नरवाना में टूरिस्ट कैम्पलैक्स है। इधर दूसरी तरफ भी 40 किलोमीटर की दूरी पर पैट्रोल पम्प है। परन्तु जुलाना में कोई

सरकारी पैट्रोल पम्प न होने के कारण किसानों को बहुत सी असुविधा रहती है। इसलिए मैं चाहता हूं कि सरकार वहां पर टूरिज्म कारपोरे ान का पैट्रोल पम्प खोल दे ताकि किसानों को राहत मिल सके।

श्री अतर सिंह सैनीः मैं आपके द्वारा माननीय सदस्य को यह बताना चाहूंगा कि जहां पर हमारे पर्यटन केन्द्र हैं वहां उन पर्यटकों की सुविधा के लिए हम उन टूरिस्ट कैम्पलैक्स में पैट्रोल पम्प लगाते हैं। अलग से हम कोई पैट्रोल पम्प नहीं लगा रहे। जुलाना मं चूंकि कोई टूरिस्ट कम्पलैक्स नहीं है इसलिए यह प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

श्री सतनारायण लाठरः मैं माननीय मंत्री महोदय से निवेदन करता हूं कि पहले ये जुलाना में टूरिस्ट कैम्पलैक्स बना दें उसके बाद वहां पर पैट्रोल पम्प खोल दें।

श्री अतर सिंह सैनीः मैं आदरणीय मैम्बर साहेब से निवेदन करता हूं कि इस बारे में अपना एक नोट हमें दे दें। उसके बाद इनके नोट पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर लिया जायेगा।

श्री वीरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, मेरा सवाल यह है कि लाठर साहब की जुलाना में सड़क के किनारे एक आली ान कोठी बन रही है। मैं चाहता हूं कि वहां पर टूरिस्ट कैम्पलैक्स खोल कर फिर पैट्रोल पम्प खोल दिया जाये।

श्री सतनारायण लाठरः अध्यक्ष महोदय, मेरी कोठी सड़क से दूर है।

श्री अध्यक्षः पर्यटन मंत्री महोदय से मैं कहना चाहता हू ंकि जहां पर आपके टूरिस्ट कैम्पलैक्स ह। वहां पर तो आप पैट्रोल पम्प लगा रहे हैं लेकिन जहां पर नहीं हैं वहां पर नहीं लगा रहे हैं। जैसा कि अभी आपने जुलाना का जिकर किया। इसी प्रकार से कई और भाहर/कस्बे ऐसे हैं जहां पर आपके टूरिस्ट कैम्पलैक्स नहीं है। मैं जानना चाहूंगा कि जहां पर आपके टूरिस्ट कैम्पलैक्स नहीं हैं क्या वहां पर आप पैट्रोल पम्प खोलने पर विचार करेंगे। यदि आप ऐसी जगहों पर पैट्रोल पम्प खेल देते हैं ता, उसमें क्या हर्ज है?

श्री अतर सिंह सैनीः अध्यक्ष महोदय, यह पालिसी मैटर तो नहीं है फिर भी हम आपके सुझाव पर कैबिनेट में विचार कर लेंगे।

श्री कृश्ण लालः मैं मंत्री महोदय, से जानना चाहता हूं कि पानीपत में आपका जो स्काईलार्क में पैट्रोल पम्प है उस पर पिछले दिनों डैकती पड़ गई थी जिसमें 6 लाख 40 हजार रुपये लूटे गए थे। मैं आपसे जानना चाहता हूं कि क्या वह चोरी ट्रेस हो गयी है या नहीं? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि क्या वह पम्प इन- ायोर्ड है या नहीं?

श्री अतर सिंह सैनीः इसकी एफ0आई0आर0 दर्ज हो चुकी है लेकिन अभी तक कोई अपराधी पकड़ा नहीं गया है। जहां तक इन् योरैं ा की बात है, आगे से हम इन् योरैं ा करवाना भ्रारू कर देंगे।

श्री कृश्ण लालः अध्यक्ष महोदय, जो मुलाजिम वहां पर मारा गया है वह मेरे हल्के के गांव नारा का था और उसका नाम ि ाव दत्त भार्मा था। अपराधी उसको गोली मार कर चले गए। मैं माननीय मन्त्री महोदय से यह जानकारी चाहूंगा कि क्या उस लड़के के परिवार को कुछ सहायता देने के बारे में सरकार विचार करेगी?

श्री अतर सिंह सैनीः अध्यक्ष महोदय, मैं अपने माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि इस बारे में सरकार विचार करेगी।

To Increase Bed capacity of Government Hospital, Ambala Cantt.

***278. Shri Anil Vij:** Will the Minister for Health be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government increase the number of beds in the Civil Hopital, Ambala Cantt.

स्वास्थ्य मंत्री (श्री ओम प्रका ा महाजन): जी नहीं।

श्री अनिल विजः अध्यक्ष महोदय, अम्बाला छावनी का अस्पताल बहुत पुराना अस्पताल है और अम्बाला छावनी की जनसंख्या करीब 2 लाख है। नै ानल हाईवे इसके साथ ही लगता

है। कई बार इस ऐरिया का सर्वेक्षण भी हुआ है और यह ऐरिया एक्सीडैंट प्रोन ऐरिया है। राजपुरा से ले कर अम्बाला तक दुर्घटनाओं की संख्या काफी ज्यादा है। अम्बाला छावनी के आस पास काफी गांव भी लगते हैं जहां से लोग इलाज हेतु यहां आते हैं। इस अस्पताल का स्टाफ स्तर तथा बैड्ज कैपिसिटी काफी कम है। मैं आदरणीय एम0पी0 श्रीमति सुशमा स्वराज ने अपने वि ोश फण्डज से वहां भवन निर्माण करवाया है। मैं माननीय मन्त्री महोदय से निवेदन करूंगा कि क्या वहां पर स्टाफ और नये उपकरण दे कर उस हस्पताल के स्तर को बढ़ाने की कृपा करेंगे?

श्री ओम प्रका ा महाजनः अध्यक्ष महोदय, अम्बाला कैन्ट को जो अस्पताल है वह पहले अम्बाला कैटोनमैंट बोर्ड का अस्पताल था और 10–12 साल पहले ही इस अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग द्वारा टेक ओवर किया गया है। इस अस्पताल की कैपेसिटी 50 बैड्ज की थी लेकिन इसमें 25 बैड्ज और बढ़ा कर इसमें बैडज की संख्या 75 की गई है। इस अस्पताल की जमीन पौनें छः एकड़ है। माननीय विधायक ने कहा है कि इसको 100 बैड्ज का अस्पताल बनाया जाए। मैं उनकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि 100 बैड्ज के अस्पताल के लिए 12 एकड़ जमीन की आव यकता होती है लेकिन अम्बाला छावनी में अभी 12 एकड़ जमीन कहीं पर भी उपलब्ध नहीं है। अभी हम प्रयास कर रहे है। कि 12 एकड़ जमीन हमें उपलब्ध हो जाए। 12 एकड़ जमीन के बिना 100 बिस्तर का अस्पताल नहीं बनवाया जा सकता है। वहां

पर स्टाफ सफि ैंट है और इ0सी0जी0 म ाीन भी है। एक नई इ0सी0जी0 म ाीन हम वहां पर और देने जा रहे हैं। वहां पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। अगर 12 एकड़ जमीन उपलब्ध हो गई तो वहां 100 बिस्तर का अस्पताल बनाने बारे विचार कर लिया जाएगा।

श्री अनिल विजः अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मन्त्री जी से यह जानना चाहता हूं कि कितनी पापुले ान पर कितने बैड्ज का अस्पताल हरियणा सरकार प्रोवाईड करती है और इसका क्राईटेरिया क्या है?

श्री ओम प्रका ा महाजनः आदरणीय अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार की जो नीति है उसके हिसाब से ब्यौरेबार मैं डिटेल बता देता हूं। 5 हजार तक की जनसंख्या पर सब–सैंटर, 30 हजार तक की जनसंख्या पर पी0एच0सी0, एक लाख से एक लाख 20 हजार तक की जनसंख्या पर सी0एच0सी0 और उसके बाद 30 बिस्तर, 50 बिस्तर और 100 बिस्तर अस्पताल होते हैं जो कि पापुले ान के हिसाब से खुलते हैं। इस वक्त अम्बाला छावनी की जनसंख्या के मुताबिक और नार्म्ज के अनुसार 75 बैडज का अस्पताल ठीक है।

श्री राज कुमार सैनीः माननीय स्पीकर सर, चौधरी बंसी लाल जी 1972 में जब मुख्य मंत्री थे तो उस समय नारायणगढ़ में एक बहुत बड़ा अस्पताल बनवाया गया था लेकिन वहां पर अभी

तक एमरजैंसी डियूटी का प्रावधान नहीं किया गया है। एमरजैंसी डियूटी के लिए एक डॉक्टर के लिए मैंने आदरणीय स्वास्थ्य मंत्री महोदय से अनुरोध भी किया था। मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहूंगा कि वहां पर डॉक्टर कब तक भेज दिया जाएगा और एमरजैंसी सेवाएं कब से भुरू हो जाएंगी?

श्री ओम प्रका ा महाजनः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने पहले भी इस बारे में मुझसे कहा था और मैंने इनको बता भी दिया था कि जो नई भर्ती हमने डाक्टरों की की है उनमें से हफ्ते या 10 दिन के अन्दर वहां पर डाक्टर भेज दिया जाएगा।

श्री सतपाल सांगवानः अध्यक्ष महोदय, चरखी दादरी अस्पताल में डैंटल सर्जन और आई सर्जन नहीं हैं। वहां पर जो आई सर्जन था उसको वहां से ट्रांसफर कर दिया गया है। क्या ये वहां पर इन सर्जनज को लगाने के बारे में विचार करेंगे?

श्री ओम प्रका ा महाजनः अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार के मुखिया की आत्मा से इच्छा है कि हर हास्पिटल में पूरे का पूरा स्टाफ रहे और मुख्यमंत्री जी ने इस बारे में मुझे दो तीन बार आदे ा भी दिए हैं कि स्टाफ जल्दी से जल्दी पूरा किया जाए। हम सारे हरियाणा में हर हास्पिटल में डाक्टरों की कमी को पूरा करेंगे ताकि हर हास्पिटल ठीक ढंग से चलाने का प्रबन्ध हो सके।

श्री अध्यक्षः मंत्री जी, जिला भिवानी में पी0एच0सी0, सी0एच0सी0 और जितनी भी रूरल डिस्पैंसरियां हैं वहां पर पिछले पांच सालों से डाक्टरों की कमी है क्या वहां पर भी भीघ्र अति भीघ्र डाक्टरों की भर्ती करने का कोई विचार है,

श्री ओम प्रका I महाजनः अध्यक्ष महोदय, जिला भिवानी में 25 डाक्टरों का प्रावधान है और वहां पर 20 डाक्टर्ज ही हैं आपकी बात ठीक है वहां पर पांच डाक्टरों की कमी है। अभी हमने जो 205 डाक्टरों की भर्ती की है हम पूरी ईमानदारी से डाक्टरों की पूर्ति करने का प्रयास करेंगे। चाहे वह कमी पी0एच0सी0, सी0एच0सी या रूरल डिस्पैंसरी में है।

श्री चन्द्र भाटियाः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि फरीदाबाद में एक वी0के0 अस्पताल है, उस अस्पताल के लिए एक नई बिल्डिंग बनाई जा रही थी, वह किन कारणों से रोक दी गइ है। क्या मंत्री जी उसको दोबारा से भुरू करवाने का प्रावधान करेंगे?

श्री ओम प्रका I महाजनः अध्यक्ष महोदय, हम 10 नए हास्पिटल बनाने जा रहे हैं। इस बारे में मुझे ध्यान नहीं है कि ये बात कर रहे हैं कि वहां पर काम रोक दिया गया है इस बारे में मैं पता कर लूंगा। वैसे अध्यक्ष महोदय, इनका सवाल इससे सम्बन्धित नहीं है।

श्री जगदी ा नैय्यरः अध्यक्ष महोदय, हमारे क्षेत्र में होडल कस्बा एक बहुत ही बड़ा है वहां के पी0एच0सी0 में दवाईयों की कमी तो है ही साथ ही में वहां पीने के पानी की भी कमी है। वहां पर बीमार व्यक्ति को पीने का पानी काफी दूर से लाना पड़ता है तो क्या मंत्री जी वहां पर पीने के पानी का कोई इंतजाम करवाएंगे?

श्री ओम प्रका ा महाजनः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो बात कही है हम इस बारे में जांच करवा लेते हैं और यदि वाकई में वहां पर इस प्रकार की इनको कोई ि ाकायत है तो हम भात प्रति ात उसको दूर करेंगे।

श्री अध्यक्षः माननीय मंत्री जी, देहात के अंदर जितनी भी सी0एच0सीज0 या पी0एच0सीज0 हैं वहां पर अक्सर यह देखने में आया है कि भाौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। इनमें तो बीमार आदमी जाते ही रहते हैं इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि प्रायोरिटी बेसिज पर आप पी0एच0सीज0 या सी0एच0सीज0 में भाौचालय की व्यवस्था करवाने की कोि ा ा करें।

श्री ओम प्रका ा महाजनः आदरणीय अध्यक्ष महोदय, वैसे तो पी0एच0सीज0 एवं सी0एच0सीज0 में लैटरिन की व्यवस्था है। यह अलग बात है कि कहीं पर ये खराब हो गयी हों। लेकिन मैं जब भी कभी इनकी सरप्राइज चैकिंग करता हूं तो सबसे पहले

मैं लैटरिन और बाथरूम को ही देखता हूं कि वे ठीक भी हैं या नहीं।

श्री बिजेन्द्र कादयानः स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि पानीपत के अस्पताल में तो मच्छर हैं ही लेकिन सारे भाहर में भी मच्छर बहुत ज्यादा हो गए हैं। क्या मंत्री जी वहां पर इन मच्छरों की रोकथाम के लिए कोई दवाई का छिड़काव करवाने की कृपा करेंगे?

श्री ओम प्रका ा महाजनः अध्यक्ष महोदय, इनकी रोकथाम के लिए वहां पर छिड़काव करवाने का हमारा प्रोविजन है।

श्री रामपाल माजराः स्पीकर सर, गांवों में जितने भी पी0एच0सीज0 या सी0एच0सीज0 हैं उनमें से ज्यादातर में डाक्टर्ज और अन्य सभी कर्मचारियों के पद खाली पड़े हैं। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि क्या सेवा में भर्ती करते समय इन लोगों के लिए कोई ऐसी सेवा भार्ते लगाने का विचार रखते हैं कि इनको पहले गांवों में तीन या चार साल तक सर्विस करनी पड़ेगी?

श्री ओम प्रका ा महाजनः माननीय अध्यक्ष महोदय, जो सवाल इन्होने किया है वाकई इसमें भाक नहीं है कि देहात के अंदर कई अस्पतालों में डाक्टर्ज एंव अन्य कर्मचारियों के पद खाली पड़े हैं जबकि ये खाली नहीं रहने चाहिए। हमने इदस बारे में यह निि चत किया है कि ऐसे अस्पतालों में कोई भी पद

खाली न रहे। जहां तक इन्होंने यह कहा कि इनको भर्ती करते समय भार्ते लगायी जानी चाहिएं तो मैं इनको बताना चाहूंगा कि इस बारे में हमें पहले एल0आर0 से पूछना पड़ेगा कि क्या ऐसी पाबंदी हम लगा सकते हैं या नहीं। लेकिन यह मैं इनको वि वास दिलाता हूं कि ऐसी जगहों पर कोई पद खाली नहीं रहेगा।

स्थानीय भाासन मंत्री (डॉ0 कमला वर्मा): स्पीकर सर, म। इस बारे में बताना चाहूंगी कि हमने तो अपनी सरकार के आने के बाद ही इस बारे में नियम बना दिए थे कि जो भी डाक्टर नया भर्ती होगा उसको पहले तीन साल तक गांव में सर्विस करनी पड़ेगी और उसके बाद ही वह भाहर में जा सकेगा। इसके अलावा वहां पांच साल की गांव में सर्विस के बाद ही आगे एम0डी0 या एम0एस0 कर सकता है।

श्री अनिल विज: स्पीकर सर, अम्बाला छावनी के अस्पताल के बारे में मंत्री जी ने काफी नकारात्मक जवाब दिए हैं। मैं आपके द्वारा इनसे जानना चाहूंगा क्योंकि अम्बाला छावनी का एरिया ऐक्सीडैंट्स प्रोन एरिया है और ऐक्सीडैंट्स होने के बाद घायल लोगों को वहां पर ही प्रोपर सुविधा ने मिल पाने के कारण पी0जी0आई0 तक ले जाना पड़ता है कई तो रास्ते में ही अपनी जिन्दगी खो देते हैं। क्या मंत्री जी अम्बाला छावनी के अस्पताल में ही ट्रोमा सैंटर या अन्य दूसरी सुविधाएं प्रदान करने के बारे में विचार करेंगे ताकि ऐक्सीडैंटस में घायल हुए लोगों को वहीं पर ही सारी सुविधाएं प्रदान की जा सकें?

श्री ओम प्रका ा महाजनः अध्यक्ष महोदय, जो सुविधाएं एक अच्छे अस्पताल में दी जाती हैं वे सारी की सारी अम्बाला छावनी के अस्पताल में हैं फिर भी अगर माननीय सदस्य यह समझते हैं कि वह अस्पताल किन्हीं सुविध्याओं से महरूम है तो वे उस अस्पताल की कमियां बता दें तुरंत पूरी कर दी जाएंगी।

श्री नफे सिंह जुन्डलाः अध्यक्ष महोदय, मेरे विधान सभा क्षेत्र जुंडला में एक पी0एच0सी0 जुंडला में है और दूसरी निसिंग में है ये दोनों बहुत खस्ता हालत में हैं न तो वहां पर डाक्टर हैं, न बिस्तरों की अरेंजमैंट है और उनकी चारदीवारी भी गिरी पड़ी हैं जो बीमार व्यक्ति वहां जाता है तो ठीक होने की बजाय और ज्यादा बीमार हो जाता है क्योंकि चारदीवारी टूटी होने की वजह से वहां मवे ाी घुस आते है। वहां डंगर, गधे, घोड़े कुते घूमते रहते हैं जिसकी वजह से वहां बड़ी गन्दगी है मैं जानना चाहूंगा कि मेरे हल्के की जो पी0एच0सी0 हैं उनकी चारदीवारी बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है और बिस्तरों का अरेंजमैंट करने को कोई प्रस्ताव है? इसके साथ मैं यह भी जानना चाहूंगा कि क्या मेरे हल्के में पी0एच0सीज0 खोलने का विचार है?

श्री ओम प्रका ा महाजनः स्पीकर सर, मैंने पहले भी किसी सवाल के जवाब में निवेदन किया था कि इस साल हम 10 अस्पताल, 9 सी0एच0सीज0 और 25 पी0एच0सीज0 की बिल्डिंग बना रहे हैं इस समय जो हमारे पास दर्खास्तें आई हैं उनकी हमने जांच करके पाया है कि उनमें अम्बाला में सिर्फ बराड़ा में बना रहे

हैं और करनाल में हम काछवा में बना रहे हैं। माननीय सदस्य यदि आने हल्के के बारे में दर्खास्त दे दें तो बनाने का प्रयास करेंगे।

Provision of Drinking Water in Bahadurgarh

***358. Shri Nafe Singh Rathee:** Will the Minister for Public Health be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to provide drinking water supply to areas across the railway line in Bahadurgarh, district Rohtak?

जन स्वास्थ्य मंत्री (श्री जगन्नाथ): जी, हां।

श्री नफे सिंह राठी: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि यह काम कब भुरू हो जाएगा और कितने दिन में खत्म होगा और इस पर कितनी लागत आएगी?

श्री जगन्नाथ: अध्यक्ष महोदय, बहादुरगढ़ माइनर से बहादुरगढ़ भाहर में पानी आता था लेकिन उसकी मात्रा बहुत कम होती थी। मात्रा कम होने के कारण अब यह किया गया है कि गुड़गांव वाटर चैनल से 11 किलोमीटर लम्बी एक बहादुरगढ़ वाटर चैनल बनाकर पानी लाया जाएगा। इस पर 3 करोड़ 13 लाख रुपये खर्च होंगे और हुड्ड व पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट मिलकर के यह खर्च वहन करेंगे। चैनल नहर महकमा बनाएगा। लेकिन समय के बारे में मैं इस वक्त नहीं बता सकता क्योंकि जिन लोगों की

जमीन पड़ती है उन्होंने कोर्ट से स्टे ले रखा है जैसे ही स्टे वैकेट हो जाएगा। काम भाुरू हो जाएगा।

श्री राम पाल माजराः स्पीकर सर, गांवों में औरतें मटके लेकर खड़ी रहती हैं और पानी के लिए झगड़ा होता है और कभी इसकी चोटी उसके हाथ और कभी उसकी चोटी उसके हाथ में होती है तो मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या हर गांव में टूटियों की संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

श्री जगन्नाथः सर, आव यकता अनुसार हम हर क्षेत्र में जनसंख्या के हिसाब से इनको बढ़ाने की कोि ा ा कर रहे हैं। सारे हरियाणा के अन्दर हमारी कोि ा ा यह है कि कम से कम 40 लीटर प्रातिदिन प्रति व्यक्ति के हिसाब से सबको पानी मिले। लेकिन हरियाणा के अन्दर 1626 गांव ऐसे हैं जहां 40 लीटर प्रतिदिन प्रति व्यक्ति के हिसाब से भी पानी नहीं मिलता है। 550 गांवों में तो 40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के हिसाब से पानी देने का प्रावधान इस साल किया जा रहा है बाकी के जो गांव बच गये हैं उनके लिए अगले साल यह काम कर दिया जायेगा उसके बाद भी अगर कुछ बचे जो उनके लिए बाद में पानी की पूर्ति कर दी जाएगी।

श्री ओमप्रका ा जैनः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि इलैक ान के दौरान पानीपत

में दस टयूबवैल्ज लगे थे लेकिन अभी तक वे चालू नहीं हुए हैं क्या मंत्री जी बतायेंगे कि वे इस टयूबवैल्ज कब तक चालू हो जायेंगे?

श्री जगन्नाथः जल्दी ही चालू कर दिये जायेंगे।

श्री सतविन्द्र सिंह राणाः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि मेरे हल्के के गांव ढाडत में एक वाटरवर्क्स है उसमें दो पम्प लगे हुए हैं लेकिन वे स्टार्ट नहीं हुए हैं और इसी तरह राजौंद गांव में जब 1972 में वाटर वर्क्स बनाया गया था तब उस गांव की आबादी 7–8 हजार थी लेकिन अब आबादी 20 हजार हो गई है जिससे आधे गांव में पानी की सप्लाई होती है, क्या मंत्री जी बतायेंगे कि वहां पर नया वाटर वर्क्स बनायेंगे?

श्री जगन्नाथः अध्यक्ष महोदय, यह समस्या कोई एक गांव की नहीं है यह तो सारे हरियाणा की समस्या है गांव में जिस साईड में वाटर वर्क्स बना हुआ है उस साईड में पानी ज्यादा जाता है और दूसरी साईड में कम पानी पहुंच पाता है। जैसे कि अगर नार्थ साईड में वाटर वर्क्स है तो साऊथ साईड में पानी कम जायेगा दूसरी बात यह है कि गांव में जनसंख्या के हिसाब से भी नलके लगे होते हैं और गलियों में जो नलके लगे होते हैं वे अक्सर खुले रहते हैं जिस कारण से गांव के दूसरे छोर तक पानी नहीं पहुंच पाता है। अब सरकार ने सोचा है कि गांव की गलियों

में जो नल हैं उन पर स्टैंड टेपस लगाये जायें और जो नलके अक्सर चलते रहते हैं उनको बंद किया जाये इस तरह से गांव के दूसरे छोर तक पानी पहुंच जायेगा अगर फिर भी इन स्टैंड टेप को खराब करते हैं तो उस एरिया का पानी बंद हो जायेगा।

श्री कृश्ण लालः मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि हरियाणा प्रदे ा के अन्दर कितने वाटर वर्क्स हैं, कितने डोजिंग पम्प हैं और कितने चालू हालत में हैं और कितने बन्द पड़े हैं?

श्री जगननाथः अध्यक्ष महोदय, अध्यक्ष महोदय, अगर यह सवाल अलग से दे दे ंतो अच्छा होगा। कल तो ये . . . . . (विध्न एवं भाोर)

श्री अध्यक्षः आप बैठिये। मुंह काले वाले भाब्द कार्यवाही से निकाल दिये जायें।

श्री कृश्ण लालः अध्यक्ष महोदय, मैं डोजिंग पम्प के बारे में पूछ रहा हूं। (विध्न)

श्री अध्यक्षः मंत्री महोदय, आप पवार साहब की ग्रीवेंसिज अलग से ले लें क्योंकि ये तो जैनुअन बात लगती है।

श्री जगननाथः ये तो हम पूरे हरियाणा के अन्दर ही करने जा रहे हैं।

श्री कृश्ण लालः अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद। भाुक्र है कि 15 दिनों में पहली बार मेरा नाम तो आपने लिया।

10.00 बजे

श्री जगननाथः हम तो सारे हरियाणा के बारे में गम्भीरता से सोच रहे हैं एक हल्के का मुद्दा नहीं है . . . . और कहते हैं कि हल्के का विकास नहीं होता (ाोर एवं व्यवधान)

श्री सतनारायण लाठरः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम बताना चाहूंगा कि चुलाना कस्बे में लाईन पार वार्ड नं0 8 में एक हरिजन बस्ती है। वहां पर पीने के पानी की एक बूंद भी नहीं जाती है। जब भी हम विभाग से इस बारे में प्रार्थना करते हैं तो वे कहते हैं कि सैंटर गवर्नमैंट हमें लाईन क्रॉस करने की मंजूरी नहीं देती है। मैं बताना चाहता हूं कि जैसे कि बहादुरगढ़ की समस्या है, ठीक वैसी ही जुलाना की समस्या है। मैं मंत्री जी से आपके माध्यम से पूछना चाहूंगा कि क्या लाईन पार उस हरिजन बस्ती में पानी पहुंचाने की कोि ा ा करेंगे?

श्री जगननाथः अध्यक्ष महोदय, हम धीरे धीरे हरियाणा की हर बस्ती में पानी पहुंचाने की कोि ा ा कर रहे हैं।

कैप्टन अजय सिंह यादवः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि धारूहेड़ा कस्बे की आबादी 20 हजार हो गई है क्योंकि भिवाड़ी जो कि उसके नजदीक पड़ता है, वहां पर इंडस्ट्रियल कौम्लैक्स बन रहा है। जैसे

कि मंत्री जी ने अभी बताया कि उन्होंने 40 लीटर प्रति व्यक्ति देने का प्रावधान किया है। मैं मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि क्या धारूहेड़ा के लिए भी कोई ऐसा प्रावधान किया है?

श्री जगननाथः अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि रिवाड़ी, महेन्द्रगढ़, रोहतक, सिरसा, हिसार और भिवानी ये 6 जिले हैं, जहां पर ज्यादा खारा पानी है। इन जिलों में प ाुओं के लिए भी पीने के पानी की दिक्कत होती है। इन 6 जिलों में 40 लीटर प्रति व्यक्ति नहीं, बल्कि 70 लीटर प्रति व्यक्ति करने जा रहे हैं।

श्री भागी रामः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि पिछले दिनों द्योतर गांव में जो बीमारी फैली थी, उससे बहुत सारे लोग मारे गए तथा कई और गांवों में भी इस बीमारी से लोग मारे गए।

श्री अध्यक्षः आप सवाल पूछिए।

श्री भागी रामः अध्यक्ष महोदय, मैं सवाल ही पूछ रहा हूं। स्पीकर महोदय, हैल्थ विभाग ने इस बारे में जो सर्वे कराया, उससे यह तथ्य सामने आए कि वाटर वर्क्स सिरसा का पानी जो रैस्ट हाउस, सिरसा में आता है, वह भी लैबोरेटरी में चैक करवाने पर खराब पाया गया।

श्री अध्यक्षः आप सवाल पूछिए। भाशण नहीं दीजिए।

श्री भागी रामः अध्यक्ष महोदय, उसकी रिपोर्ट भी फेल आई है। क्या मंत्री जी यह जानते हैं कि रैस्ट हाउस में जो पानी आ रहा है, वह भी अच्छा नहीं है। उससे भी बीमारी फैली है। क्या इसके लिए कोई इन्क्वायरी करवाएंगे?

श्री जगननाथः पब्लिक हैल्थ विभाग में आफिसर्ज जैसे कि एस0डी0ओ0 तथा स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों दोनों की टीम बनाई हुई है। दोनों समय समय पर हर वाटर वर्क्स को चैक करते हैं तथा सैंपल लेते हैं और जहां कहीं भी कोई खराबी पाई जाती है, उसको ठीक करते हैं। हां, अगर इस बारे में कोई वि ोश केस आपके नोटिस में है, तो उसकी जांच भी करा लेंगे और जहां कमी है, उसको ठीक भी कर देंगे।

श्री आनन्द कुमार भार्माः अध्यक्ष महोदय, जैसे कि मंत्री जी ने बतलाया है कि सभी जगहों पर पानी उपलब्ध कराया जाएगा। मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार के पास ऐसी कोई योजना है कि पूरे हरियाणा में जहा जहां पानी की कमी है, उसको पूरा किया जाएगा?

श्री नफे सिंह राठीः अध्यक्ष महोदय, बहादुरगढ़ ब्लाक के गांव मांडोठी जिसकी आबादी लगभग 12 हजार के करीब है, यह करण सिंह दलाल जी का गांव है। इस गांव के आधे से ज्यादा हिस्से में पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है। इससे भी बढ़कर बड़े खेद की बात है कि इस गांव में एक कन्या हाई स्कूल है और उस

स्कूल में भी कई सालों से पानी नहीं पहुंच रहा है। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि इस गांव में पानी की समस्या पर सरकार विचार करें तथा इसका समाधान करवाएं।

श्री जगननाथः स्पीकर साहब, माननीय सदस्य ने एक दिन कहा था कि ईसरहेड़ी गांव में पीने का पानी नहीं जाता है। हमने उस गांव के बारे में टैलीफोन करके पता करवाया है वहां पानी पहुंच रहा है यह बात ठीक है कि पानी कुछ कम पहुंच रहा है परन्तु यह बात नहीं है कि उस गांव में पानी बिल्कुल ही नहीं पहुंच रहा है। जिस स्कूल के लिए पीने के पानी के बारे में माननीय सदस्य ने कहा है वहां पर पानी पहुंचाने की पूरी पूरी कोि ा ा की जाएगी।

Upgradation of Govt. Middle School, Bhairon

***301. Shri Balbir Singh:** Will the Minister for Education be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to upgrade the Goverment Middle School, Bhairon, District Rohtak?

ि ाक्षा मंत्री (श्री राम बिलास भार्मा): स्पीकर साहब, वर्तमान में विद्यालय को स्तरोन्नत करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

श्री बलबीर सिंहः स्पीकर साहब, भैरों भैणी गांव का गवर्नमैंट मिडल स्कूल सारी भार्तें पूरी करता है उसमें कमरे भी पूरे हैं और उसकी बिल्डिंग भी पूरी है। मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जब वह स्कूल दर्जा बढ़ाने के सारे नार्म्ज पूरे करता है

तो उसका दर्जा क्यों नहीं बढ़ाया जाता? आप कम से कम एक हल्के में एक स्कूल का दर्जा तो बढ़ांए। जहां आपने 8–9 और स्कूलों का दर्जा बढ़ाया है तो एक इस स्कूल का भी दर्जा बढ़ा दें।

श्री राम बिलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, चौधरी बलबीर सिंह जी का कल भी एक सवाल था हम उसके लिए पूरी तैयारी करके आए थे और आज भी पूरी तैयारी के साथ आए हैं। एक सवाल की तैयारी करने में पूरी सचिवालय का बहुत समय लगता है। कल ये यूं यूं कर रहे थे यदि इस सवाल के जवाब में मैं भी यूं यूं करूं तो ठीक नहीं होगा। स्पीकर साहब, भैरा भैणी का विद्यालय का दर्जा बढ़ाने के नार्म्ज पूरे नहीं करता। उसके अन्दर कमरे भी कम हैं और उसके पास जमीन डेढ़ एंकड़ है जबकि दर्जा बढ़ाने के लिए कम से कम पांच एकड़ जमीन चाहिए।

श्री बलबीर सिंहः अध्यक्ष महोदय, उस गांव की पंचायत उस स्कूल का दर्जा बढ़ाने के बारे में मंत्री जी से मिली थी और इन्होंने उस स्कूल का दर्जा बढ़ाने के बारे में उनको वि वास भी दिलाया था। मंत्री जी आप अपने वायदे को न भूलें आपने कहा था कि इस स्कूल का दर्जा बढ़ाएंगे।

श्री राम बिलास भार्माः स्पीकर साहब, वह विद्यालय दर्जा बढ़ाने के नार्म्ज पूरे नहीं करता जब नार्म्ज पूरे करेगा तब उसका दर्जा बढ़ाने के बारे में विचार किया जाएगा।

श्री बलबीर सिंहः स्पीकर साहब, वह स्कूल दर्जा बढ़ाने की सारी भार्तें पूरी करता है अगर इन्होंने उसका दर्जा बढ़ाना ही नहीं है तो मैं और क्या पूंछूं।

श्री नफे सिंह जुण्डलाः स्पीकर साहब, मेरे हल्के जुण्डला के नीसिंग, गोन्धर, जुण्डला, जलमाना, बस्तली, ब्रास, खेड़ी नरू बड़े बड़े गांव हैं और इन गांवों के स्कूल दर्जा बढ़ाने के सारे नार्म्ज पूरे करते हैं। मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या इन गांवों के स्कूलों का दर्जा बढ़ाने पर विचार किया जाएगा?

श्री राम बिलास भार्माः स्पीकर साहब, मैं अपने माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि यह सवाल तो चौधरी बलबीर सिंह के गांव भैरा भैणी के स्कूल के बारे में है। माननीय सदस्य इन गांवों के बारे में अगल से नोटिस दे दें इनको बता दिया जाएगा।

श्री रामफल कुण्डुः स्पीकर साहब, मेरे हल्के सफीदों का मुआना गांव एक बहुत बड़ा गांव है उसकी 16–17 हजार की आबादी है अभी तक उस गांव में हाई स्कूल ही है। मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या उस गांव के स्कूल का दर्जा बढ़ा कर दस जमा दो प्रणाली का किया जाएगा।

श्री राम बिलास भार्माः स्पीकर साहब, माननीय सदस्य का यह कहना ठीक है कि सफीदों हल्के का मुआना गांव बहुत बड़ा गांव है इनके हल्के में और भी बहुत बड़े बड़े गांव होंगे। मुआना में हाई स्कूल चल रहा है अगर वह दर्जा बढ़ाने के सारे

नार्म्ज पूरे करता है तो उस पर विचार करेंगे। स्पीकर साहब, मैं इनको बताना चाहूंगा कि हरियाणा सरकार, चौधरी बंसी लाल जी की सरकार, हविपा–भाजपा के गठबंधन की सरकार ने हरियाणा को एक नया हरियाणा बनाने का संकल्प लिया है। हम हरियाणा प्रान्त में भाराब बंद करने में कामयाब हुए हैं। हमारी सरकार का ि ाक्षा की तरफ बड़ा रूझान बढ़ा है। हमारा इधर से जो ध्यान हटा है उसको ि ाक्षा की तरफ लगाएंगे। हम नैतिक ि ाक्षा की तरफ ध्यान लगाएंगे। सांस्कृतिक ि ाक्षा की तरफ ध्यान लगाएंगे। अध्यक्ष महोदय, जहां जहां पर नार्म्ज पूरे होते होंगे वहां वहां पर हम स्कूलों का दर्जा बढ़ा देंगे।

श्री सतविन्द्र सिंह राणाः अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के के गांव में नगूरा में मुख्य मंत्री जी गए थे। उस समय ये आ वासन देकर आये थे कि इस स्कूल का दर्जा दस जमा दो का कर दिया जाएगा। इसके साथ ही साथ मैं बताना चाहूंगा कि मेरे हल्के में ढ़ाडत गांव भी एक बहुत बड़ा गांव हैं उस स्कूल में भी सारे नार्म्ज पूरे हैं। क्या ि ाक्षा मंत्री जी इन दोनों स्कूलों का दस जमा दो का दर्जा करने जा रहे है?

श्री राम बिलास भार्माः राणा साहब ने ठीक फरमाया है। जब जींद में प्रिवेंसिज कमेटी की मीटिंग में ही सी0एम0 साहब जाते हैं तो वे गांव गांव में होकर लोगों से बातचीत करते हुए जाते हैं। मुख्य मंत्री जी नगूरा में भी गए थे। कण्डेला में भी गए थे। यह बात राणा साहब ठीक कह रहे हैं कि नगूरा भी एक बड़ा

गांव है और ढ़ाडत भी बड़ा गांव है। ये इन स्कूलों के पूरे नार्म्ज करवा दें, फिर उन पर अव य विचार करेंगे।

डॉ0 वीरेन्द्र पाल अहलावतः अध्यक्ष महोदय, आज तक ये नार्म्ज क्या है, वे नहीं बता पाये।

श्री राम बिलास भार्माः स्पीकर साहब, कल मैं पूरी तैयारी के साथ आया था। चिमनी का मैंने आ वासन दिया था (विध्न) चिमनी, डीघल, दुजाना, बेरी व दुबलधन आदि सभी गांवों की मैं पूरी तैयारी के साथ आया था लेकिन इन्होंने कल अपने मुंह पर पट्टी बांधे रखी। (विध्न) कल तो ये मौन बैठे रहे।

श्री अध्यक्षः मौन रखने से तो भाक्ति का वर्धन होता है।

श्री राम बिलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, ये मौन तो नहीं रह सकते। कल तो इनकी मजबूरी थी इसलिए मैंने मौन रखे हुए थे। पीछे से इनके ऊपर किसी का दबाव था। जसविन्द्र सिंह जी तो बीच बीच में बोलने की कोि ा ा कर रहे थे। (विध्न)

श्री बलवंत सिंहः हम तो मौन इसलिए रखे हुए थे कि यदि हम बोलेंगे तो कहीं स्पीकर साहब हमें नेम करके हाउस से बाहर न निकाल दें। इसलिए हम नहीं बोल रहे थे। (विध्न)

श्री राम बिलास भार्माः मायना साहब, प्रोफेसर छतर सिंह चौहान की छत्रछाया में किसी को डरने की जरूरत नहीं है। ये बड़े उदार, दयावान और दूसरों का ख्याल रखने वाले व्यक्ति

हैं। आप विधान सभा की पीछे की कार्यवाही निकलवा कर देखें कि किसी भी अध्यक्ष के समय आज तक इतना अधिक समय विपक्ष को मिला हो जितना कि इन्होंने दिया है। इन्होंने अपनी उदारता का परिचय देते हुए, सदन की गरिमा का ध्यान रखते हुए विपक्ष को समय देने का एक नया इतिहास कायम किया है। इन्होंने अवि वास प्रस्ताव पर जो विपक्ष के साथियों ने दिया था जो नोन सिरियस था, उसको अपने खिलाफ विचार करने के लिए हाउस में रखा। इन द्वारा अपने खिलाफ लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा कराये जाने से सदन की गरिमा बढ़ी है। (ाोर एवं विध्न)

कैप्टन अजय सिंह यादवः अध्यक्ष महोदय, जो बात अभी राम बिलास भार्मा जी ने कही क्या वह कही जानी चाहिए थी। मैं पूछना चाहता हूं कि यह जीरो आवर है या क्वै चन आवर है? (विध्न)

Construction of New Road

***266. Shri Balwant Singh:** Will the Minister for P.W.D. (B&R) be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a new road from village Hassangarh to village Khurampur in Rohtak District; and

(b) if so, the time by which the said road is likely to be constructed?

Public Works Minister (Shri Dharamvir Yadav):

(a) Yes, Sir

(b) Road is likely to be completed by 31-3-1998 subject to availability of funds

श्री बलवन्त सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मन्त्री जी को यह बताना चाहूंगा कि हसनगढ़ से खुरमपुर रोड बहुत ही जरूरी है इसलिए इसको बनाया जाए। मैं आपके माध्यम से मन्त्री जी से यह भी जानना चाहूंगा कि इस रोड के लिए कितनी धनराि ा उपलब्ध करवाई गई है। क्या वे इसके लिए कोई समय सीमा निर्धारित करेंगे कि इस को इतने समय तक बनवा दिया जाएगा। मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहूंगा कि क्या इसी वित्त वर्श में इस को कम्पलीट करवाने की कृपा करेंगे?

श्री धर्मबीर यादवः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि यह सड़क साढ़े तीन किलोमीटर लम्बी है और इस पर 14 लाख रुपये व्यय होने का अनुमान है। 3 लाख रुपये की राि ा इस पर खर्च हो चुकी है और भोश राि ा अभी और आने वाली है। जैसे ही और पैसा आएगा इसको बनवाने का कार्य भुरू हो जाएगा और मार्च, 1998 तक इसको कम्पलीट करवाएंगे।

श्री बलबीर सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से श्री राम बिलास भार्मा जी से और अन्य माननीय मन्त्रियों से एक जानकारी चाहता हूं कि राम बिलास भार्मा जी ने एक बात कही थी कि उन्हें पूरी तैयारी करनी पड़ती है। क्या वे यह बताने की कृपा

करेंगे कि जब आपने हर प्र न का जवाब ''ना'' में ही देना है तो फिर तैयारी किस बात की करनी पड़ती है? (हंसी)

श्री राम बिलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, मैं इनको यह बताना चाहता हूं कि ऐसी बात नहीं है। जो भी प्र न पूछे जाते हैं उनके बारे में पूरी तैयारी करके आना पड़ता है। आंकड़े वगैरा भी तैयार करने पड़ते हैं और आंकड़े मंगवाने भी पड़ते हैं।

श्री बन्ता राम बाल्मीकिः स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि मेरे हल्के रादौर की सड़कें पिछले 10 साल से बनी हुई हैं। उनके बीच में दो पुल बनवाए जाने थे। बरसात के दिनों में वहां 15–20 फुट पानी इकट्ठा हो जाता है जिसकी वजह से स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी दिक्कत होती है और करीब तीन महीने उनकी पढ़ाई की छुट्टी हो जाती है। ये पुल राम नगर से कुण्दला बीकरी के बीच में बनने हैं। इसी प्रकार से बरगट में सड़क बनी हुई है लेकिन कम्पलीट नहीं है। (विध्न) अध्यक्ष महोदय, एक सड़क गुढ़ा गुढ़ी की है जिसकी वजह से लोगों को काफी दिक्कत है क्या इस सड़क को बनवा कर लोगों को राहत देने बारे सरकार विचार करेगी?

श्री धर्मबीर यादवः स्पीकर सर, इस प्र न का जवाब मैं पहले भी दे चुका हूं। गुढ़ा गुढ़ी किसी न किसी सड़क से कनैक्टिड है लेकिन आल्टरनेटिव सड़क नहीं है। अगर कोई खास दिक्कत होगी तो इसको असैस करवा लेंगे।

श्री चन्द्र भाटिया: अध्यक्ष महोदय, फरीदाबाद जिले में सड़कों की हालत बहुत ही खस्ता है। इन सड़कों का निर्माण कार्य मंत्री महोदय कब तक भ्रारू करवाएंगे। बाटा फलाई ओवर का ि ालान्यास कांग्रेस राज्य में हुआ था। आधारि ाला का जो पत्थर लगाया गया था लोग उसको भी उठा कर ले गए हैं। वर्श 1997 में इस पुल के निर्माण के लिए पैसे की व्यवस्था भी की गई है। मैं मंत्री महोदय से यह जानकारी चाहूंगा कि इस बाटा पुल का कार्य कब तक भ्रारू करेंगे?

श्री धर्मबीर यादव: अध्यक्ष महोदय, जितनी भीघ्र हमारे पास इन पुलों और सड़कों को बनाने के लिए फंड आएंगे उतनी भीघ्र हम काम भ्रारू करवा देंगे।

श्री नफे सिंह राठी: अध्यक्ष महोदय, क्या मेरे विधान सभा क्षेत्र में बडौती से जुण्डला सड़क को बनवाने का सरकार के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन है क्योंकि वहां पर अनाज मंडी है, हास्पिटल है और स्कूल यादि है। वहां पर लोगों को करनाल से होकर आना पड़ता है जिससे उनको बहुत परे ाानी होती है।

श्री धर्मबीर यादव: अध्यक्ष महोदय, ऐसी कोई भी सड़क बनाने का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। अगर माननीय सदस्य बनवाना चाहते हैं तो ये इस बारे में हमें लिखकर भेज देंगे तो हम इसको देख लेंगे।

Opening of Government Colleges at Ellenabad and Rania

***389. Shri Bhagi Ram:** Will the Minister for Education be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to open Government colleges in Ellenabad and Rania towns of district Sirsa?

ि ाक्षा मंत्री (श्री राम बिलास भार्मा): इस बारे कोई भी प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

श्री भागी राम: अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा और मेरी इनसे रिक्वैस्ट भी है कि ऐलनाबाद और रानिया सिरसा से 40–45 किलोमीटर की दूरी पर है और सिरसा को छोड़कर इस एरिये में लड़कों और लड़कियों का कोई भी कालेज नहीं है। इस साल सरकार कई नए कालेज हरियाणा में बनाने जा रही है। तो क्या ये वहां पर भी नए कालेज बनवाने का विचार करेंगे। अध्यक्ष महोदय, यह सब–डिविजन है और ऐलनाबाद हल्का ि ाक्षा के मामले में हरियाणा में काफी पिछे है।

श्री राम बिलास भार्मा: अध्यक्ष महोदय, मैं भागी राम जी को बताना चाहूंगा कि इस समय राजकीय महाविद्यालय नाथू–श्री–चौपटा, राजकीय महाविद्यालय सिरसा, गुरू हरि कृश्ण, महाविद्यालय जीवन नगर, सी0एम0के0 नै ानल कालेज सिरसा, एस0डी0 कालेज फार गर्ल्ज डबवाली, भगवान श्री कृश्ण कालेज आफ डबवाली में 6 महाविद्यालय कुल मिलाकर के जिले में चल रहे हैं। अगर इन्होंने कोई महाविद्यालय बनवाना है या कोई संस्था वहां पर भवन बनाना चाहती है या इस प्रकार का कोई प्रस्ताव ये

लाएंगे तो ये बता दें हम उस बारे में सर्वेक्षण करवा लेंगे। दूसरा वहां पर अगर किसी ने जमीन दे रखी है, किसी ने भवन बनवा रखा है, इस तरह की कोई बात चौधरी भागी राम जी के पास है तो बताएं हम उस पर विचार कर लेंगे।

श्री भागी रामः अध्यक्ष महोदय, अगर वहां पर कोई इनको जमीन दे और वहां पर भवन बना कर दे दे तो क्या मंत्री जी इस सदन में आ वासन देंगे कि उसको टेक ओवर कर लेंगे।

श्री राम बिलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, अगर कोई संस्था वहां पर उपयुक्त जमीन और उपयुक्त भवन महाविद्यालय के लिए बनवा कर दें तो हम इस बारे में जरूर विचार करेंगे।

श्री भागी रामः अध्यक्ष महोदय, गुरू हरि कृश्ण महाविद्यालय है क्या सरकार इसको टेक ओवर करने का विचार करेगी?

श्री राम बिलसा भार्माः अध्यक्ष महोदय, भागी राम जी ने जो जीवन नगर के महाविद्यालय को टेक ओवर करने के बारे में बात कही है, यह मामला जीवन नगर का नहीं है। इनकी रूचि तो रानिया और ऐलनाबाद में महाविद्यालय स्थापित करने में ह। इन्होंने खुद कहा है कि हम जमीन दें, भवन दें, अगर ऐसी बात है तो हम इस बारे में विचार कर लेंगे।

श्री भागी रामः अध्यक्ष महोदय, जब से यह सै ान चल रहा है तब से लेकर आज तक सरकार के मंत्रियों से जब भी

सड़कों, पुलों और इसके अलावा किसी बारे में भी सवाल किया जाए तो यह सरकार कहती है कि भाराब बंदी हो गई है, भाराब बंदी कर दी है। हर बार यही बात कहते हैं।

श्री अध्यक्षः ये जो भी बोल रहे हैं वह रिकार्ड न किया जाए। भागी राम जी आप बैठ जाएं।

श्री राम बिलास भार्माः स्पीकर सर, ये स्कूल, कॉलेज की बात करते करते एकदम भाराब पर आ जाते हैं। इनकी तो यही रूचि है। कॉलेज खुलवाने में इनकी कोई रूचि नहीं है। ये घूमफिरकर भाराब पर आ जाते हैं। (विध्न)

कैप्टन अजय सिंह यादवः हमारे रिवाड़ी में केवल दो ही कॉलेज हैं जो कि पूरे जिले को कवर कर रहे हैं लेकिन हमारे यहां पर कोई भी गसर्नमैंट कॉलेज नहीं है न लड़कियों ही का और न ही लड़कों का। मैं मंत्री महोदय से आपके माध्यम से जानना चाहूंगा कि अगर कोई गांव सरकार को फ्री ऑफ कॉस्ट कॉलेज खोलने के लिए जमीन दे दें जैसे कि मसानी गांव जमीन देने के लिए तैयार है तो क्या ये वहां पर कॉलेज खोलेंगे?

श्री राम बिलास भार्माः स्पीकर सर, कैप्टन अजय सिंह जी ने रिवाड़ी के बारे में अपनी जिज्ञासा प्रकट की। मैं इनको बताना चाहूंगा कि पिछले दिनों, मैं और गृहमंत्री श्री मनी राम जी वहां राव तुलाराम जी के जन्म दिवस समारोह में गए थे तब हमने वहां के रीजनल सैंटर का नाम राव तुलाराम के नाम पर रखने की

घोशणा की थी। पहले जब कैप्टन साहब मंत्री थे तब वह रीजनल सैंटर सरक सरक कर चलता था लेकिन अब वह तेजी से काम करने लग गया है। स्पीकर सर, जब कोई रीजनल सैंटर बनता है तब वहां पर कई कॉलेज भाुरू होते हैं, एम0ए0 की क्लास या अन्य प्रि ाक्षण के कोर्सिज भाुरू करते हैं। रिवाड़ी में तो के0एल0पी0 एवं दूसरा कॉलेज पहले ही चल रहा है। ये मसानी गांव द्वारा जमीन देने की बात कह रहे हैं लेकिन मसानी गांव एक किनारे लगता है इसलिए वहां कॉलेज बनाना ठीक नहीं रहेगा और फिर अभी तो रिवाड़ी में कालेजिज के हिसाब से स्थिति ठीक ही है। हम वहां के रीजनल सैंटर का भी बड़ी तेजी से विकास कर रहे हैं।

Laying of Water Pipe Lines

***434. Shri Ramphal Kundu:** Will the Minister for Public Health be pleased to state whether there i any proposal under consideration of the Government to lay water supply pipe line in the streets of Sita Ram Colony, Shiv Colony, Gita Colony of Safidon Town?

जन स्वास्थ्य मंत्री (श्री जगननाथ): जी नहीं।

